साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में नई चुनौतियां : उनियाल

- वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 21वां स्थापना दिवस मनाया
- तकनीकी शिक्षा मंत्री उनियाल ने साइबर सिक्योरिटी को लेकर चिंताओं से कराया अवगत

जागरण संवाददाता, देहरादून : तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में दुनिया के सामने जो चुनौतियां आ रही हैं, उससे निपटने के लिए विशेषज्ञों के साथ ही छात्रों को भी समाधान ढूंढने होंगे। सोमवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के 21वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उनियाल ने साइबर सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। इस मौके पर विवि में तीसरा एल्युमिनी मीट कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने विश्वविद्यालय परिसर में बैंक के संचालन के लिए निर्मित बिल्डिंग का लोकार्पण भी किया। उन्होंने विवि के आडिटोरियम में साइबर सुरक्षा से संबंधित चुनौतियों व रणनीतियों पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन किया। कहा कि वर्तमान में जहां नई-नई टेक्नोलाजी समाज को सुविधा संपन्न बना रही है, वहीं दूसरी तरफ कई चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं। नई टेक्नोलाजी का हम सभी को सकारात्मक सोच के साथ प्रयोग करना होगा, तभी इसके सुखद परिणाम देश और दुनिया की प्रगति में देखने को मिल सकते हैं। कहा आज भारत से अच्छे टेक्नोलाजिस्ट अपनी विशेषज्ञता के साथ पूरी दुनिया में मैनपावर के रूप में माइग्रेट हो रहे हैं। कहा भारत युवा शक्ति वाला देश है और यहां के युवाओं को देश के अंदर ही अच्छे पैकेज मिलने लगे तो उन्हें माइग्रेट होने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। यह तभी संभव होगा जब शिक्षण संस्थानों व विश्वविद्यालयों में योग्य शिक्षकों और उच्चकोटि के तकनीकी संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सकेंगे।



वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि यूटीय के 21वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्यअतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल पूर्व छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए। साथ में विवि के कुलपति प्रो . ओंकार सिंह एवं अन्य • जागरण

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने भी वीडियो संदेश के माध्यम से विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने पूर्व छात्रों व अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रो. बीआर गुर्जर, प्रो एनके गोयल, प्रो एसएस रावत, प्रो दिव्य बंसल, विजय गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।